RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com



संचार जगत

दैनिक समाचार पत्र

'समय जब विपरीत होता है, तब प्रभाव और पैसा नहीं, बल्कि स्वभाव और संबंध काम आते हैं। '

वर्षः 13 | अंकः 245 जयपुर, रविवार, 04 अक्टूबर , 2026 मूल्यः 2.00 रूपए पृष्ठ : 4

50 फीसदी चुनी जाएंगी महिलाएं

राजस्थान में 4 चरणों में होंगे पंचायतीराज चुनाव

कोटा समेत 4 जिलों में 22 दिसंबर को होंगे चुनाव

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान में पंचायत चुनावों की घोषणा हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग 4 चरणों में चुनाव संपन्न कराएगा। कोटा, श्रीगंगानगर, बारां और करौली जिलों में प्रमुख और प्रधानों के चुनाव 22 दिसंबर को होंगे। हालांकि 41 जिला परिषदों के मेंबर और पंचायत समिति मेंबर के चुनाव साथ ही होंगे। जयपुर जिले में 4 चरणों में चुनाव होंगे। पंचायत चुनाव में 2.72 लाख पुलिसकर्मी लगेंगे। सरपंच और वार्ड पंचों के चुनाव बैलेट से होंगे। पंचायत समिति मेंबर और जिला परिषद मेंबर के चुनाव ईवीएम से होंगे। महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण है। पंचायतीराज चुनाव में 51.82% पुरुष और 48.18% महिला वोटर हैं। 41 जिलों में जयपुर में सबसे ज्यादा 18.99 लाख वोटर और जैसलमेर में सबसे कम वोटर 4.36 हैं। आयोग के चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा के साथ ही ग्रामीण इलाकों में आचार संहिता लग गई। तबादलों पर पाबंदी लग गई। मंत्री अब अपने इलाकों में सरकारी गाड़ी से नहीं जा सकेंगे और सरकारी गेस्ट हाउस व डाक बंगलों में नहीं ठहर सकेंगे। सरकार नई योजनाओं और कार्यक्रमों की घोषणा नहीं कर सकेगी। पहले से चल रहे काम जारी रह सकेंगे, जिन टेंडरों का काम पहले से प्रक्रिया में है, उन पर रोक नहीं होगी। आचार संहिता में ऐसी कोई सरकारी घोषणा नहीं हो सकती जिससे वोटर प्रभावित हो। इन चुनावों में 1.69 लाख नए पंचायतीराज जनप्रतिनधि चुने जाएंगे। 1403 जिला परिषद मेंबर और 8245 पंचायत समिति मेंबर के चुनाव ईवीएम से होंगे। 14403 ग्राम पंचायतों में सरपंच-उपसरपंच और 1.30 लाख वार्ड पंचों के चुनाव बैलेट के जरिए होने हैं। पंचायत समिति मेंबर मिलकर 457 पंचायत समितियों में प्रधानों का चुनाव करेंगे। 1.69 लाख में से आधी महिलाएं चुनकर आएंगी। 14403 ग्राम पंचायतों में 7200 महिला सरपंच, 7200 महिला उपसरपंच और 65 हजार महिला वार्ड पंच बनेंगी। सरपंचों में एसटी के 3058, एससी के 2493 और ओबीसी के लिए 1961 पद आरक्षित है। वार्ड पंचों के 1.30 लाख पदों में से 21,962 वार्ड एससी, 19,117 एसटी और 15 हजार वार्ड ओबीसी के लिए आरक्षित हैं।



पंचायतीराज चुनाव सरकार और विपक्ष दोनों के लिए सियासी चुनौती

पंचायतीराज चुनाव का रिजल्ट सरकार और विपक्ष दोनों के लिए सियायी चुनौती है। सत्ताधारी बीजेपी के सामने कांग्रेस से ज्यादा वार्ड जीतने की चुनौती रहेगी। निकाय चुनाव की तरह ही बीजेपी के सामने पंचायत समितियों और जिला परिषदों में ज्यादा वार्ड जीतने ?की चुनौती है। गांवों में आमतौर पर कांग्रेस आगे रहती आई है, इसलिए इसे चुनौती माना जा रहा है। सत्ताधारी बीजेपी ने इस बार विधानसभा चुनावों की तर्ज पर माइक्रो मैनेजमेंट से रणनीति बनाई है, उस रणनीति की असली परीक्षा पंचायतीराज चुनावों से होगी। जिला परिषदों और पंचायत समितियों में कौन ज्यादा वार्ड जीतता है।

25 आरएएस अधिकारियों का तबादला

पंचायतीराज चुनाव का रिजल्ट सरकार और विपक्ष दोनों के लिए सियायी चुनौती है। सत्ताधारी बीजेपी के सामने कांग्रेस से ज्यादा वार्ड जीतने की चुनौती रहेगी। निकाय चुनाव की तरह ही बीजेपी के सामने पंचायत समितियों और जिला परिषदों में ज्यादा वार्ड जीतने ?की चुनौती है। गांवों में आमतौर पर कांग्रेस आगे रहती आई है, इसलिए इसे चुनौती माना जा रहा है। सत्ताधारी बीजेपी ने इस बार विधानसभा चुनावों की तर्ज पर माइक्रो मैनेजमेंट से रणनीति बनाई है, उस रणनीति की असली परीक्षा पंचायतीराज चुनावों से होगी। जिला परिषदों और पंचायत समितियों में कौन ज्यादा वार्ड जीतता है, उससे असली पर्सेप्शन

एमपी को 2029 तक नशामुक्त करने का ऐलान

बीजेपी पंजाब के बाद अब मध्यप्रदेश को भी करेगी नशामुक्त

संचार जगत

भोपाल। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भोपाल के दशहरा मैदान पहुंचे। यहां उन्होंने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि मध्य प्रदेश को 31 दिसंबर 2029 तक नशामुक्त करेंगे। भोपाल के भेल दशहरा मैदान पर हुए 11 जिलों के करीब 35 हजार गोपालकों के सम्मेलन में उन्होंने गोशालाओं को ?101 करोड़ दिए।

उज्जैन में बन रहे ?255 करोड़ के डेयरी प्लांट का वर्चुअली भूमिपूजन किया। शाह की केंद्र-राज्य के पुलिस अफसरों संग बैठक रद्द हो गई है। मध्य प्रदेश समेत 4 राज्यों के इन अफसरों के साथ अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मीटिंग कर रहे हैं। शाह अब प्रेस कॉन्फ्रेंस भी नहीं करेंगे। लंच के बाद शाह भौंरी में IISER के अत्रि परिसर का शिलान्यास और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।



कांग्रेसी विरोध करते हैं, मैं हिसाब देने आया हूं:शाह

शाह ने कहा- कांग्रेसी हमारा विरोध करते हैं। मैं आज उनको हिसाब देने आया हूं। आपने 75 साल में देश में दूध का कुल उत्पादन 14 करोड़ 7 लाख टन पहुंचाया था। मोदी जी ने 10 साल में 25 करोड़ तक पहुंचाने का काम किया है। ये इसलिए होता है कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें लगन से काम कर रही हैं। प्रति व्यक्ति दूध उत्पादन 2014-15 में 307 ग्राम था, अब 58 प्रतिशत बढ़कर 485 ग्राम पर पहुंच गया है। हमारा देश दुनियाभर में सबसे ज्यादा दूध उत्पादन करने वाला देश बना है। इसमें पहले 5 राज्य- उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र बीजेपी शासित ही हैं।केंद्रीय मंत्री ने कहा- मेरी एक मीटिंग मुख्यमंत्री और गृह विभाग के साथ है। मध्यप्रदेश 31 दिसंबर 2029 के पहले नारकोटिक्स से मुक्त हो जाए, इस प्रकार की बारीक प्लानिंग आज करना चाहते हैं।


गुलाबी ठंड में भी हो रहा हैं गर्माहट का अहसास

अक्टूबर में भी पारा 40 डिग्री के ऊपर

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान में अक्टूबर में भी दिन के समय तेज गर्मी है। पारा 40 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। सबसे ज्यादा असर पश्चिमी जिलों में है। शुक्रवार को सबसे अधिक तापमान पिलानी (झुंझुनूं) में दर्ज हुआ। वहीं पूर्वी जिलों में रात के तापमान में तेजी से गिरावट हो रही है। सीकर, भीलवाड़ा, उदयपुर, नागौर में रात में ठंडक बढ़ गई। इन शहरों में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। मौसम विभाग ने राज्य में अगले एक सप्ताह मौसम ड्राई रहने का अनुमान जताया है। 40 डिग्री पार तापमानः राजस्थान के सभी शहरों में शुक्रवार को आसमान साफ रहा। सबसे अधिक तापमान पिलानी (झुंझुनूं) में 40.2 डिग्री, श्रीगंगानगर में 40.1 डिग्री सेल्सियस रहा। रात में ठंडक बढ़ीः राजस्थान के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में न्यूनतम तापमान में गिरावट होने से रात में ठंडक बढ़ गई। अजमेर, भीलवाड़ा, सीकर, कोटा, उदयपुर में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज हुआ।

सबसे कम तापमान सीकर में 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। अब आगे क्या?: मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार- राज्य में शनिवार से मौसम साफ रहेगा। हालांकि तापमान में कोई खास परिवर्तन देखने को नहीं मिलेगा। दिन में अधिकांश शहरों का तापमान 30 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।



सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए समर्पितः भजनलाल शर्मा

संचार जगत


जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिलाएं समाज का अभिन्न हिस्सा ही नहीं बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण का आधार हैं। महिलाओं का सम्मान और सशक्तीकरण किसी भी सभ्य समाज की पहचान है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में हमेशा से नारी शक्ति का सम्मान रहा है और यहां तो कहा भी गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को यूनिवर्सिटी कॉमर्स कॉलेज में आयोजित नारी शक्ति सम्मेलन एवं संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे यहां शक्ति, ज्ञान और समृद्धि की प्रतीक मां दुर्गा, मां सरस्वती और मां लक्ष्मी के रूप में नारी शक्ति की पूजा की जाती है। भारत का इतिहास महिलाओं के साहस, वीरता, त्याग और बलिदान की अनगिनत गाथाओं से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति की सफलता की कहानियों में संघर्ष, साहस, आत्मविश्वास और संकल्प की वह शक्ति दिखाई देती है, जो किसी भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकती है। उन्होंने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के कुशल प्रशासन, न्याय-परायणता एवं कल्याणकारी कार्यों का आज भी गुणगान किया जाता है। रानी लक्ष्मीबाई का साहस, मातृभूमि के लिए उनका बलिदान, आज भी हम सभी देशवासियों के हृदय में प्रेरणा का दीप जलाता है। वहीं, सावित्रीबाई फुले ने महिला शिक्षा की ज्योति जलाई, उसका प्रकाश आज देश के कोने-कोने को आलोकित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान की अनेक नारियों ने त्याग, समर्पण, भक्ति और बलिदान की मिसाल कायम की हैं। भक्त शिरोमणि मीराबाई ने कृष्ण-भक्ति और आध्यात्मिक साधना से राजस्थान की धरती को गौरवान्वित किया और पन्नाधाय ने अपने पुत्र का बलिदान देकर स्वामीभक्ति एवं कर्तव्यनिष्ठा का दुर्लभ उदाहरण प्रस्तुत किया। वहीं, हाड़ी रानी ने मातृभूमि की रक्षा और अपने कर्तव्य के लिए अद्वितीय साहस और बलिदान का परिचय दिया तथा वीर बाला कालीबाई ने अपने गुरु की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देकर गुरु भक्ति की अमर गाथा लिखी। उन्होंने कहा कि अमृता देवी ने प्रकृति और वृक्षों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल कायम की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि माताएं, बहनें और बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी अद्भुत प्रतिभा और कौशल से मां भारती का गौरव बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले 12 वर्षों में महिला सशक्तीकरण की दिशा में नई सोच और संकल्प के साथ अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन को आसान बनाया है।



राजस्थान में सताने लगा अकाल का खतरा

संचार जगत

जयपुर। कमजोर मानसून के कारण राजस्थान के सामने 10 साल के सबसे बड़े अकाल का खतरा खड़ा हो गया है। मौसम विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग के सूत्रों के अनुसार 11 जिले सूखे की चपेट में हैं। यहां सामान्य से 25% तक कम बारिश हुई है। इनमें 3 की हालत सबसे ज्यादा खराब है। यहां सामान्य से 50% से भी कम बारिश हुई। आशंका है कि अगली गर्मियों में 2-3 जिलों में पानी की ट्रेन चलानी पड़ सकती है। बाजरा, मूंग, ग्वार जैसी फसलों को नुकसान हुआ है। अन्य राज्यों से खाद्य सामग्री आयात करनी पड़ेगी, जिससे महंगाई बढ़ सकती है। चिंता यह है कि पड़ोसी राज्यों में भी हालत बेहतर नहीं है। पंजाब में सामान्य से 41%, हरियाणा में 23, गुजरात में 10 और एमपी में सामान्य से 4% कम बारिश हुई।



सबसे ज्यादा जिलों में अकाल के हालात

राजस्थान में 2015 के बाद अब 2026 में ज्यादा जिले सूखे से प्रभावित होने की आशंका बन गई है। 2015 में बारिश सामान्य से 9 फीसदी ज्यादा हुई थी, लेकिन छितराई हुई होने के कारण 19 जिलों की कई तहसीलों में सूखे के हालात बन गए थे। इस बार दोहरी मार है, बारिश भी छितराई हुई रही और सामान्य से करीब 19 फीसदी कम भी रही। पटवारियों की टीम राज्य से प्रभावित इलाकों में सर्वे में जुटी हुई है।

राजस्थान की 48 ट्रेनों में लगेंगे एक्स्ट्रा कोच



संचार जगत

जयपुर। त्योहारों के दौरान ट्रेनों में बढ़ती वेटिंग लिस्ट को कम करने के लिए 48 जोड़ी ट्रेनों में अलग-अलग कैटेगरी के 135 एक्सट्रा कोच लगाने का फैसला किया गया है। इससे यात्रियों को सीट मिलने की संभावना बढ़ेगी और लंबी वेटिंग लिस्ट वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इन ट्रेनों में अस्थायी रूप से अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं। इनमें थर्ड एसी, स्लीपर और जनरल श्रेणी के कोच शामिल हैं। अमित सुदर्शन ने बताया- जयपुर से चलने वाली और जयपुर होकर गुजरने वाली कई ट्रेनें भी इस सूची में शामिल हैं।

होर्मुज में जहाज पर मिसाइल हमले में सभी 5 भारतीय सुरक्षित

संचार जगत

मस्कट। होर्मुज स्ट्रेट में शुक्रवार को एक जहाज पर मिसाइल हमला हुआ। इसमें सवार 5 भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया है। ओमान में भारतीय दूतावास ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। ये नाविक कुवैत के झंडे वाले टैंकर एमटी काजिमाह III पर सवार थे। यह कच्चे तेल से भरा था और अफ्रीका की ओर जा रहा था। हालांकि, यह हमला किसने किया, यह अभी जानकारी तक सामने नहीं आई। फरवरी से अब तक होर्मुज में हमलो में 100 से ज्यादा भारतीय नाविक प्रभावित हो चुके हैं। वहीं, इन हमलों में 11 भारतीय नाविकों की जान गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इससे पहले मंगलवार को बताया था कि इस क्षेत्र में चल रहे व्यावसायिक जहाजों पर 4500 से ज्यादा भारतीय नाविक सवार हैं। जायसवाल के मुताबिक, इस समय फारस की खाड़ी में भारत के झंडे वाले 6 कमर्शियल जहाज हैं। इसके अलावा 6 विदेशी झंडे वाले जहाज भी हैं, जो भारत के लिए सामान लेकर जा रहे हैं। इन 12 जहाजों पर करीब 163 भारतीय नाविक सवार हैं। जायसवाल के मुताबिक, भारत का शिपिंग मंत्रालय इन जहाजों की आवाजाही पर नजर रख रहा है। भारतीय दूतावासों और स्थानीय एजेंसियों के साथ मिलकर नाविकों की सुरक्षा और उनकी स्थिति की जानकारी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि जरूरत पड़ने पर भारतीय दूतावास नाविकों की सुरक्षा और भलाई के लिए जरूरी कदम उठाते हैं। उन्होंने कहा कि विदेशों में काम कर रहे भारतीय नाविकों की सुरक्षा और उनकी भलाई भारत की प्राथमिकता है।



ट्रम्प ने जंग खत्म करने का प्रस्ताव ठुकराया

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान का युद्ध खत्म करने और होर्मुज खोलने का प्रस्ताव ठुकरा दिया। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस के बाहर पत्रकारों से कहा कि ईरान समझौता करना चाहता है, क्योंकि वह बुरी तरह हार रहा है और उसके पास पैसा नहीं आ रहा। उन्होंने कहा कि ईरान की कमाई होर्मुज से होने वाले कारोबार पर निर्भर है। अमेरिका ने इस समुद्री रास्ते पर सैन्य इतिहास की सबसे बड़ी नाकेबंदी की है, जो लोहे की दीवार जैसी है।

28 फरवरी से चल रही है अमेरिका-ईरान की लड़ाई

अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू की थी। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और उन खाड़ी देशों में हमले किए, जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं। अमेरिका का कहना है कि उसका मकसद ईरान की परमाणु क्षमता को कमजोर करना है। वहीं ईरान लगातार कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है और उसे परमाणु तकनीक के इस्तेमाल का अधिकार है।

एशियन गेम्स में भारत को 20वां गोल्ड

रेसलर अमन सहरावत ने सोना जीता, मेंस क्रिकेट, गोल्फ और तीरंदाजी में भी गोल्ड आए

संचार जगत

नागोया। भारत ने एशियन गेम्स में 20वां गोल्ड मेडल जीत लिया है। रेसलर अमन सेहरावत ने पुरुषों के 57 द्वंद में सोना जीता। यह शनिवार को भारत का चौथा गोल्ड मेडल है। इससे पहले टीम इंडिया ने मेंस क्रिकेट, प्रणवी उर्स ने गोल्फ और 17 साल की कुमकुम मोहोद ने तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीते। भारत 82 मेडल के साथ मेडल टैली के 5वें स्थान पर है।भारत के अमन सहरावत ने पुरुषों की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती का गोल्ड मेडल जीत लिया। उन्होंने फाइनल में नॉर्थ कोरिया के हान को हराया। अमन ने पहले पीरियड में हान के हमलों का बचाव किया और 6-1 की बढ़त बनाई। इसके बाद हान ने लगातार 6 अंक लेकर 7-6 की बढ़त हासिल कर ली। अमन ने फिर 4 अंक की शानदार चाल चली और बढ़त हासिल की। कोरिया का रिव्यू खारिज होने पर अमन को एक अतिरिक्त अंक भी मिला। उन्होंने अंत तक बढ़त बनाए रखी।यह एशियन गेम्स में भारत का दूसरा रेसलिंग गोल्ड है।



इससे पहले सुजीत कलकल ने गोल्ड जीता था।भारत के अमन सहरावत पुरुषों की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल के फाइनल में उतरेंगे। उनका मुकाबला उत्तर कोरिया के पहलवान से होगा। इस कैटेगरी में अभी ब्रॉन्ज मेडल के मुकाबले चल रहे हैं। दो ब्रॉन्ज बाउट के बाद अमन का फाइनल शुरू होगा। भारत ने मेंस क्रिकेट फाइनल में पाकिस्तान को 19 रन से हराकर गोल्ड मेडल जीत लिया। भारत के 211 रन के जवाब में पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 192 रन ही बना सकी।

पूर्व सांसद एवं डोमा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदितराज रविवार को आएंगे बानसूर

जातीय जनगणना तथा सामाजिक न्याय पर विचार संगोष्ठी का आयोजन 4 अक्टूबर को डॉ उदितराज होंगे मुख्य मार्गदर्शक

संचार जगत

बानसूर। नगर पालिका के बाईपास स्थित संगम मैरिज गार्डन में डोमा परिसंघ राजस्थान के तत्वाधान में सामाजिक न्याय तथा 2027 में होने वाली जातीय जनगणना को लेकर विचार संगोष्ठी का आयोजन 4 अक्टूबर 2026को प्रात: 10:30 बजे होगा। कार्यक्रम से पूर्व राजस्थान प्रदेषाध्यक्ष नमिता सोलंकी और



जिलाध्यक्ष दुलीचंद सोलंकी ने कार्यक्रम स्थल का मौका मुआयना किया और तैयारियों का जायजा लिया।

डोमा परिसंघ के जिला कोटपूतली बहरोड के अध्यक्ष दुलीचंद सोलंकी ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा मुख्य मार्गदर्शक डॉ उदितराज राष्ट्रीय अध्यक्ष डोमा परिसंघ नई दिल्ली तथा पूर्व इनकम टैक्स आयुक्त व पूर्व सांसद होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती नमिता सोलंकी के साथ-साथ अन्य राष्ट्रीय तथा प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ विजय कुमार समाजसेवी विधानसभा बानसूर रहेंगे।

मुख्य अतिथि कोटपुतली होते हुए बानसूर आएंगे जिनका कार्यकर्ताओं तथा समाजसेवियों की ओर से कांकरिया बस स्टैंड पर स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम में सर्व समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष नमिता सोलंकी ने बताया 2027 में होने वाली जनसंख्या गणना में जो भी विसंगतिया हैं, उन पर विचार करने के साथ-साथ संविधान का पालन करने तथा सामाजिक न्याय पर विस्तृत चर्चाएं की जाएगी।

जिला जूनियर अंडर 14 व 16 एथलेटिक्स प्रतियोगिता आज खेल स्टेडियम में

संचार जगत

टोंक। जिला एथलेटिक्स एसोसियेशन टोंक द्वारा जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 4 अक्टूबर को जिला खेल स्टेडियम,टोंक में किया जाएगा। जिला एथलेटिक्स संघ टोंक के सचिव कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में टोंक जिले के 12 से 16 वर्ष के एथलीट्स 14 वर्ष आयुवर्ग तथा 16 वर्ष आयुवर्ग में भाग ले सकेंगे। सभी एथलीट्स 4 अक्टूबर को प्रात: 7 बजे से जिला खेल स्टेडियम, टोंक में उपस्थित होकर अपना पंजीकरण करवा सकेंगे। प्रतियोगिता की स्पर्धाऐं को प्रात: 9 बजे से आरंभ हो जाएगी। इस प्रतियोगिता में निर्धारित मानदंड प्राप्त करने वाले विजेता एथलीट्स 14 से 16 नवम्बर 2026 को हैदराबाद, तेलंगाना में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट में जिले की ओर से भाग लेंगे।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सीबीएसई अजमेर रीजनल से संबंधित विद्यालयों के शिक्षकों ने लिया भाग

संचार जगत

निवाई। भगवान दास पारीक ड्रीम स्कूल में सीबीएसई अजमेर रीजनल ऑफिस के तत्वावधान में कक्षा शिक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अजमेर क्षेत्र के विभिन्न सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों से आए शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन एवं विशेषज्ञ शेफाली जैन एवं गौरव पाटनी ने प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया। दोनों विशेषज्ञों ने शिक्षण प्रक्रिया में एआई के प्रभावी एवं व्यावहारिक उपयोग से संबंधित विभिन्न टूल्स, तकनीकों एवं उनके प्रयोग की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंन बताया कि एआई का उपयोग पाठ योजना तैयार करने, शिक्षण सामग्री विकसित करने, विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने व कक्षा शिक्षण को रोचक एवं तकनीक सक्षम बनाने में किस प्रकार किया जाता है। प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों ने विभिन्न एआई टूल्स एवं तकनीकों को समझने के साथ-साथ उनके व्यावहारिक प्रयोग में भी रुचि दिखाई। विद्यालय निदेशक यशवंत पारीक ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिक्षकों को बदलते शैक्षिक परिवेश के अनुरूप अपने शिक्षण कौशल को विकसित करने में सहायक होते हैं। निदेशक शची पारीक ने कहा कि एआई आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों के लिए नए अवसर प्रदान कर रहा है। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश राजोरा ने कक्षा-कक्ष में एआई के उपयोग एवं उसके महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तकनीक का उद्देश्य शिक्षक की भूमिका को प्रतिस्थापित करना नहीं बल्कि शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, रचनात्मक व विद्यार्थी केंद्रित बनाना है। इस दौरान शिक्षकों को आधुनिक तकनीक एवं एआई आधारित शिक्षण पद्धतियों को कक्षा-कक्ष में प्रभावी ढंग से अपनाने के लिए प्रेरित किया।

13 ग्राम पंचायतें बनीं बाल विवाह मुक्त

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को मिली मजबूती

संचार जगत

निवाई। भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत क्षेत्र की 13 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया गया। इस अवसर पर आयोजित ग्राम सभाओं में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने, बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने व सुरक्षित बचपन सुनिश्चित करने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

ग्राम पंचायत ललवाड़ी, सेदरिया, झिलाय, चैनपुरा, पलेई, खण्डदेवत, मूंडिया एवं सुनारा सहित पीपलू क्षेत्र की कठमणा, सन्देडा, बोरखंडीकला, बनवाड़ा एवं रानोली ग्राम पंचायतें इस पहल में शामिल रहीं। सिकोईडिकोन के परियोजना समन्वयक देवेन्द्र कुमार जांगिड़ ने कहा कि बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाना केवल एक घोषणा नहीं, बल्कि बच्चों के सुरक्षित भविष्य के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी है। पंचायतों, सरकारी विभागों व समुदाय की भागीदारी से ही बाल विवाह मुक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा 27 नवंबर 2024 को शुरू किए गए बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान एवं 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए यह पहल की गई। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के 23 जून 2026 एवं 16 सितंबर 2026 के पत्रों के अनुरूप ग्राम सभाओं में बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत संबंधी प्रस्ताव पारित करने व प्रमाणन प्रक्रिया को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस पहल में पंचायती राज विभाग, महिला एवं बाल अधिकारिता विभाग, सरपंच, पंचायत सचिव, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी ने बाल विवाह की रोकथाम तथा बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा व सम्मानपूर्ण बचपन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई।

'सही खान-पान, स्वस्थ राजस्थान' अभियान 3 से 16 अक्टूबर तक

संचार जगत

अलवर। भजनलाल शर्मा के नेतृत्व एवं माननीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में प्रदेश में आमजन को एवं विद्यालयो के विद्यार्थियों को सुरक्षित, पौष्टिक एवं स्वस्थ खान-पान के प्रति जागरूक करने के लिए अलवर जिले में 'सही खान-पान, स्वस्थ राजस्थान' अभियान चलाया जा रहा है ।

स्कूलों में ईट राइट गतिविधियां

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेंद्र शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त श्री अविचल चतुर्वेदी के निर्देशानुसार अभियान के प्रारंभिक चरण में आज 3 अक्टूबर को 'स्कूल ईट राइट डे' के तहत आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी जयसिंह यादव, विश्वबंधु गुप्ता एवं अशोक लखेरा ने राजकीय प्राइमरी विद्यालय, खोहरा एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मन्नी का बड़ एवं महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नयाबास स्कूलों में विभिन्न गतिविधियां की गयी। विद्यार्थियों को स्वस्थ टिफिन, पौष्टिक नाश्ता, श्रीअन्न (मोटे अनाज) के उपयोग, हाथ धोने के सही तरीके और खाद्य पदार्थों के लेबल पढ़ने के बारे में जानकारी दी गयी मौके पर जय सिंह यादव विश्व बंधु गुप्ता अशोक कुमार लखेरा खाद्य सुरक्षा अधिकारी



उपस्थित थे।

इस दौरान खाद्य पदार्थों की जांच करने के तरीको के बारे में बताया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेंद्र शर्मा ने ने बताया कि 6 एवं 7 अक्टूबर को 'मिलावट को पहचानो -मिलावट को हराओ' अभियान के तहत मिलावट के प्रति जागरूक किया जाएगा। मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के माध्यम से दूध, घी, तेल, मसाले एवं मिठाइयों सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान के आसान तरीकों की जानकारी दी जाएगी। आमजन द्वारा लाए गए खाद्य नमूनों की मौके पर जांच कर उन्हें खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा।

स्वस्थ राजस्थानी थाली का संदेश

उन्होंने बताया कि 8 एवं 9 अक्टूबर को 'हेल्दी राजस्थान-हेल्दी थाली डे' आयोजित होगा। इसमें स्थानीय एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देने के साथ कम नमक, कम चीनी और कम तेल के उपयोग का संदेश दिया जाएगा।

फल, सब्जियां, दाल, दूध-दही और श्रीअन्न को स्वस्थ थाली का हिस्सा बनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा।

खाद्य पदार्थ खरीदने से पहले लेबल जरूर पढ़ें

उन्होंने बताया कि 11 एवं 12 अक्टूबर को 'रीड द लेबल-ईट राइट, ईट सेफ' गतिविधियां होंगी। आमजन को पैकेट बंद खाद्य सामग्री खरीदने से पहले ए फ ए स ए स ए अ ा इ लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन नंबर, निर्माण एवं पैकिंग तिथि, बेस्ट बिफोर/एक्सपायरी डेट, सामग्री, पोषण संबंधी जानकारी तथा शाकाहारी/मांसाहारी चिह्न देखने के लिए जागरूक किया जाएगा। यह गतिविधियां अधिक आवाजाही वाले स्थानों जैसे मॉल, प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों, सरकारी कार्यालयों, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड आदि पर भी आयोजित की जाएंगी।

कॉलेज एवं अस्पतालों में 'ईट राइट कैम्पस'

उन्होंने बताया कि 13 एवं 14 अक्टूबर को 'ईट राइट कैम्पस डे' के तहत कॉलेजों, विश्वविद्यालयों एवं अस्पतालों में जागरूकता कार्यक्रम होंगे। कैंटीन की स्वच्छता, फूड हैंडलर्स का प्रशिक्षण, सुरक्षित पेयजल, हेल्दी एवं मिलेट मेन्यू तथा भोजन की बर्बादी रोकने पर विशेष जोर रहेगा।

भोजन की बर्बादी रोकने का संदेश

उन्होंने बताया कि 15 एवं 16 अक्टूबर को 'फूड वेस्ट-सेव फूड डे' के तहत होटल, रेस्टोरेंट, कैंटीन, हॉस्टल, मैरिज गार्डन, कैटरिंग प्रतिष्ठानों एवं स्ट्रीट फूड वेंडर्स को भोजन की बर्बादी रोकने के लिए जागरूक किया जाएगा।

इस दौरान 'उतना ही लें थाली में, जितना व्यर्थ न जाए नाली में' का संदेश दिया जाएगा। भोजन साझा करने, जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाने और खाद्य अपशिष्ट को अलग रखने के प्रति भी जागरूक किया जाएगा।

स्वस्थ जीवनशैली के लिए दिलाई जाएगी शपथ

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेंद्र शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान आमजन को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए शपथ भी दिलाई जाएगी। इसमें पैकेट बंद खाद्य सामग्री खरीदने से पहले लेबल पढ़ने, भोजन में नमक, तेल एवं चीनी की मात्रा कम करने, तेल को बार-बार गर्म करके काम में नहीं लेने, सप्ताह में कम से कम तीन दिन श्रीअन्न का सेवन करने, प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट योग अथवा शारीरिक व्यायाम करने तथा भोजन को व्यर्थ नहीं करने का संकल्प शामिल है।

बाल चित्रकारों का हुआ सम्मान

बाल कला उत्सव चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ था आयोजन प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को दिया स्मृति चिन्ह

संचार जगत



टोंक(ब्रिजेश परिड़वाल)। अंतरंग कला एवं एजूकेशन वेलफेयर सोसायटी टोंक द्वारा आयोजित 20 वें अंतरराष्ट्रीय कला पर्व क्रेयान्स 2026 के आयोजन के तहत् जिला स्तरीय बाल कला उत्सव चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन अभिज्ञान महाविद्यालय टोंक में आयोजित किया गया था । जिसमें जिले के कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के 272 बाल कलाकारों ने चित्र उकेरें थे । जिसका सम्मान समारोह शनिवार को शिवम् मैरिज गार्डन में आयोजित किया।

जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पर पुरूस्कार दिये गये और सभी प्रतिभागी बाल चित्रकारों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय कला पर्व 2026 बाल कला उत्सव के कक्षानुसार परिणाम के मुताबिक कक्षा 6प्रथम के मरियम,,द्वितीय खुशी गोमे तथा तृतीयनैना शर्मा ,कक्षा-7वर्ग में प्रथम सैमुअल मेलिना ,द्वितीय हिमांशु बैरवा ,तृतीय जैनेब, कक्षा-8 में प्रथम हुनर सालोदिया ,द्वितीय मनस्वी शर्मा ,तृतीय आरोही चौधरी कक्षा-9में प्रथम लक्षित साहू ,द्वितीय वैष्णवी सोनी ,तृतीय सुधिक्षा सोयल ,कक्षा-10 में प्रथम आयुषी चावला,द्वितीय सुमन वर्मा,तृतीय इकरा खान ,कक्षा-11 में प्रथम भविष्य, द्वितीय कनीज़ फातिमा मिर्जा, तृतीय अन्वी खंडेलवालह रही।वहीं कक्षा-12 में प्रथम अंतिमा चौधरी ,द्वितीय यशिका नामा ,तृतीय कथांशी जैन रही। कार्यक्रम अतिथियों में कृष्ण गोपाल शर्मा अति जिला शिक्षा अधिकारी, मुरली सोनी समाजसेवी, सुरेन्द्र भारद्वाज, डॉ.नेहा शर्मा लन्दन चित्रकार, डॉ साधना सिंह, चित्रकार और राधेश्याम शर्मा, रामप्रसाद शर्मा, गोविन्द शरण गुप्ता, भारत विकास परिषद टोंक अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम में अब्दुल मंजिद, हनुमान सिंह खरेडा, पुष्पेन्द्र जैन, शाहिद नकवी, , पुरूषोत्तम सोनी, डॉ.साधना सिंह , महेंद्र चौधरी,महेंद्र वर्मा, जितेन्द्र रघुवंशी, ताराचंद शर्मा, नरेन्द्र साहू, अनिल शर्मा, उमेश साहू,शाइस्ता खान, प्रदीप जोनवाल, शैलेन्द्र शर्मा, मोनू बंजारा, महेश जांगिड़, शेख यावर हबीब, पूनम डिग्रवाल, शिप्रा सक्सेना, गुरू दयाल कुमावत, सागर सोयल, अनामिका शर्मा, डालचंद, महेश गुर्जर आदि उपस्थित थे।

किसान महापंचायत की बड़ी जीत - रामेश्वर प्रसाद चौधरी युवा प्रदेशाध्यक्ष

संचार जगत

टोंक। वर्ष 2025 से किसान महापंचायत युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में उपतहसील मुख्यालय बनेठा क्षेत्र में गौण मंडी बनाने की प्रमुखता से मांग उठाई गई ।

उप चुनाव के समय किसानों को पम्पलेट द्वारा गौण मंडी बनाने के आधार पर ही वोट देने की अपील जारी की थी। जिसके बाद लगातार प्रयास किया गया। 8 ग्राम सेवा सहकारी समितियों पर धरना-प्रदर्शन के दौरान जिला कलेक्टर टीना डाबी एवं कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक 16 सितम्बर 2026 को हुई तथा बैठक कार्यवाही 18 सितम्बर 2026 को जारी हुए।

पंचायती संस्थाओं के आम चुनाव 2026 का कार्यक्रम घोषित

दो चरणों में सम्पन्न होंगी अलवर जिले में चुनाव प्रक्रिया

संचार जगत

अलवर। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग ने जिले में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के लिए आम चुनाव दो चरणों में कराने के लिए कार्यक्रम घोषित कर दिया है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता के प्रावधान तुरन्त प्रभावी हो गए हैं जो चुनाव प्रक्रिया समाप्ति तक लागू रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) डॉ. शुक्ला ने बताया कि जिले में 39 जिला परिषद सदस्यों के लिए तथा 11 पंचायत समितियों के कुल 221 सदस्यों, 390 ग्राम पंचायतों के सरपंच पद हेतु एवं इन ग्राम पंचायतों के 3586 पंच पदों के लिए दो चरणों में चुनाव सम्पन्न होंगे, जिसके तहत प्रथम चरण में 6 पंचायत समिति रामगढ, कठूमर, खेडली-सौंखर, गोविन्दगढ, मुबारिकपुर एवं रैणी तथा द्वितीय चरण में 5 पंचायत समिमि उमरैण, मालाखेडा, लक्ष्मणगढ, राजगढ एवं थानागाजी में चुनाव होंगे।

दो चरणों का निर्वाचन कार्यक्रम

उन्होंने बताया कि जिला परिषद के सदस्य के पद हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन की लोकसूचना गुरूवार 8 अक्टूबर 2026 को जारी की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय मंगलवार 13 अक्टूबर 2026 तक प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक (सार्वजनिक अवकाश को छोडकर) रहेगी नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा बुधवार 14 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे से होगी, जबकि गुरूवार 15 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। नाम वापसी के साथ ही चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा।

पंचायत समिति सदस्य कार्यक्रम

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार पंचायत समिति सदस्य के पद हेतु दो चरणों में निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होगी, जिसके तहत प्रथम चरण के लिए लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन की लोकसूचना गुरूवार 8 अक्टूबर 2026 को जारी की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय मंगलवार 13 अक्टूबर 2026 तक प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक (सार्वजनिक अवकाश को छोडकर) रहेगी नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा बुधवार 14 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे से होगी, जबकि गुरूवार 15 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। नाम वापसी के साथ ही चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा।

पंचायती राज आम चुनाव 2026 के लिए आचार संहिता के संबंध में दिशा-निर्देशों जारी

संचार जगत

अलवर। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि पंचायती राज आम चुनाव 2026 के अन्तर्गत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता के प्रावधान प्रभावी हो गये हैं जो निर्वाचन प्रक्रिया समाप्ति तक प्रभावी रहेंगे। अत: संबंधित अधिकारी आचार संहिता के प्रावधानों की अक्षरश: पालना सुनिश्चित करें। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन के लिए आदर्श आचार संहिता के दिशा-निर्देशों जारी किए गए हैं।

सामान्य आचरण

1. किसी भी दल या उम्मीदवार को ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जिससे किसी धर्म, सम्प्रदाय व जाति के लोगों की भावना को ठेस पहुंचे या उनमें विद्वेष व तनाव पैदा हो।

2. यदि राजनैतिक दलों की आलोचना की जाये, तब उनकी नीतियों और कार्यक्रम, गत रिकॉर्ड और कार्य तक ही सीमित रखी जाएगी। दलों और अभ्यर्थियों को अन्य दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं के सार्वजनिक गतिविधियों से असंबद्ध निजी जीवन के सभी पहलुओं की आलोचना करने से बचना होगा। असत्यापित आरोपों के मिथ्या कथन के आधार पर अन्य दलों या उनके कार्यकर्ताओं की आलोचना करने से बचना होगा।

3. मत प्राप्त करने के लिए धार्मिक, साम्प्रदायिक या जातीय भावनाओं का सहारा नहीं लिया जाना चाहिये तथा चुनाव प्रचार के लिए किसी पूजा-स्थल जैसे कि मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा, गिरजाघर आदि का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

4. किसी भी दल और उम्मीदवार को ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जो निर्वाचन विधि के अधीन भ्रष्ट आचरण और अपराध माना गया है जैसे कि मतदान की समाप्ति के लिए नियम समय पर पूरी होने वाली 48 घन्टे की अवधि के दौरान सार्वजनिक सभा करना, किसी चुनाव सभा में गडबडी करना या विघ्न डालना, मतदान केन्द्र व मतदान केन्द्र की 100 मीटर की परिधि के अन्दर मत संयाचना करना, मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने या ले जाने के लिये वाहनों का उपयोग करना, मतदान केन्द्र में या उसके आसपास विच्छृंखल आचरण करना, मतदान की कार्यवाही में बाधा डालना, मतदाताओं को रिश्वत देना तथा मतदाताओं का प्रतिरूपण करना आदि।

5 दलों या उम्मीदवारों को चाहिए कि वे अन्य व्यक्ति के विचारों या कार्यों का विरोध करने के लिए उनके निवास पर प्रदर्शन अयोजित करने या धरना देने जैसे तरीकों का सहारा नहीं लेवें तथा इस बात का प्रयास करें कि प्रत्येक व्यक्ति के शांतिपूर्ण और विघ्न रहित घरेलू जिन्दगी के अधिकार का वे आदर करें, चाहे वे उसके राजनीतिक विचारों या क्रियाकलापों के कितने ही विरूद्ध क्यों न हो।

6. किसी दल या उम्मीदवार को किसी व्यक्ति की भूमि, भवन, अहाते, दीवार आदि का चुनाव प्रतीक लगाने, ध्वज लगाने, पोस्टर चिपकाने, नारे लिखने, बैनर लगाने आदि के लिए बिना अनुमति के उपयोग नहीं करना चाहिए और न ही ऐसा करने की अनुमति अपने समर्थकों को देनी चाहिए।

7. मतदान के दिन और इससे एकदिन पूर्व की अवधि में किसी दल या किसी उम्मीदवार ओर उनके कार्यकर्ताओं द्वारा न तो शराब खरीदी जाये और न ही उसे किसी को पेश किया जाये।

जो कहा, वो किया: जनता से किया वादा निभाया, वार्ड 22 पहुंचीं दिया कुमारी; मौके पर अधिकारियों को दिए निर्देश

संचार जगत

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 22 का दौरा कर विभिन्न कॉलोनियों का निरीक्षण किया। खातीपुरा तिराहे पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद दिया कुमारी ने वार्ड की अलग-अलग कॉलोनियों में पहुंचकर मौके पर स्थानीय लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने सड़क, पानी, बिजली सहित विभिन्न समस्याओं से उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया। दिया कुमारी ने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। दौरे के दौरान कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने दिया कुमारी का स्वागत भी किया। इसके बाद उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी खिरनी फाटक फ्लाईओवर पहुंचीं, जहां सेवा संकल्प अभियान के तहत रंगोली भी गई और महिला सशक्तिरण का बेहतरीन संदेश दिया गया।



इसके बाद उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मीटिंग कर स्थानीय लोगो की समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा की। दिया कुमारी ने कहा कि सभी को मिलकर काम करना होगा, तभी वार्ड को सुंदर और स्वच्छ बनाया जा सकेगा।

उन्होंने स्थानीय स्तर पर सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया। गौरतलब है कि निकाय चुनाव के दौरान दिया कुमारी ने वार्ड स्तर पर जाकर स्वयं लोगों से उनकी समस्याएं जानने का वादा किया था। इसी क्रम में उन्होंने वार्ड 22 से अपने वार्ड दौरे की शुरुआत की। निरीक्षण के दौरान मंडल अध्यक्ष माल सिंह शेखावत वार्ड 22 से भाजपा पार्षद वीरेंद्र सिंह शेखावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आलू से कमाल, स्वाद में धमाल- महिलाओं ने दिखाया हुनर

अग्र सप्ताह के दूसरे दिन आयोजित हुई आलू के व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता

संचार जगत

कोटा। अग्रवाल वैष्णव मोमियान पंचायत महिला मंडल की अध्यक्ष शीखा मित्तल एवं सचिव सुनीता गोयल ने बताया कि अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित अग्र सप्ताह के दूसरे दिन 'आलू से कमाल, स्वाद में धमाल' कार्यक्रम के तहत महिलाओं के लिए आलू के व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आलू से विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट और आकर्षक व्यंजन तैयार किए। महिलाओं ने अपनी पाक-कला एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए आलू से कई तरह के पारंपरिक एवं नए अंदाज के व्यंजन जैसे आलू की जलेबी, आलू का फालूदा, पेटिस, मोदक कलाकंद तैयार किये। प्रतिभागियों ने व्यंजनों के स्वाद, सजावट, प्रस्तुति और बनाने के तरीके के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने एक-दूसरे के व्यंजनों को देखकर नए-नए व्यंजन बनाने के तरीके भी सीखे। संरक्षिका सावित्री गुप्ता ने बताया कि अग्र सप्ताह के माध्यम से महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ-साथ मनोरंजन और आपसी मेलजोल का अवसर भी मिल रहा है। 'आलू से कमाल, स्वाद में धमाल' प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं की पाक-कला को मंच प्रदान करना तथा रोजमर्रा में उपयोग होने वाली सामान्य सामग्री से भी स्वादिष्ट एवं रचनात्मक व्यंजन बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। सचिव सुनीता गोयल ने बताया कि इस अवसर आलू के व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम रेखा गोयल, द्वितीय रानी गर्ग ओर नेहा बंसल आए। इन सबको पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

क्षेत्र के दौरे के दौरान होटल दरबार इन पहुंचीं दीया कुमारी, आशु सिंह लाछड़ी ने किया स्वागत

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने क्षेत्र के दौरे के दौरान होटल दरबार इन पहुंचकर स्थानीय लोगों एवं मीडिया से संवाद किया। इस दौरान होटल दरबार इन में आशु सिंह लाछड़ी ने उनका स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान दीया कुमारी ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर जानकारी साझा की।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क, पानी सहित स्थानीय स्तर की विभिन्न समस्याओं को मौके पर जाकर देखा जाएगा और संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर उनके समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जमीनी स्थिति को समझने और लोगों की समस्याओं को सीधे जानने के लिए हर महीने इस तरह के दौरे किए जाएंगे।



इस दौरान स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को जाना जाएगा तथा संबंधित विभागों के माध्यम से समाधान की दिशा में कार्रवाई का प्रयास किया जाएगा। दौरे के दौरान क्षेत्रवासियों की समस्याओं को प्राथमिकता से देखने और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया गया।

झालावाड़ में वक्फ बोर्ड अध्यक्ष रमजान खान के निवास पर नगर परिषद सभापति व उपसभापति का सम्मान



संचार जगत

झालावाड़ । नगर परिषद सभापति राजेश गुर्जर, उपसभापति फारुक भाई, पार्षद अशरफ भाई एवं कांग्रेस कार्यकर्ता ,जिला व□फ बोर्ड अध्यक्ष रमजान खान और पूर्व पार्षद के निवास पर पहुंचे। इस दौरान 2 अ□टूबर 2026 को स्वागत,स□मान कार्यक्रम आयोजित किया, कार्यक्रम में या हुसैन खिदमतगार वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मकसूद भाई ने सभापति राजेश गुर्जर, उपसभापति फारुक भाई और जिला व□फ बोर्ड अध्यक्ष रमजान खान का साफा बांधकर व माला पहनाकर इस्तकबाल किया। इस अवसर पर या हुसैन खिदमतगार कमेटी के अकरम भाई, शाहिद, अनवर, फैज अली राजा, आरिफ खान सहित कमेटी के कई सदस्य मौजूद रहे।

70वीं राज्य स्तरीय 14 वर्षीय जूडो प्रतियोगिता का भव्य समापन; विजेताओं को मिला सम्मान



संचार जगत

कोटा। तनिष्क एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आकाशवाणी (कोटा) द्वारा आयोजित 6 दिवसीय (28 सितंबर से 3 अक्टूबर) 70वीं राज्य स्तरीय 14 वर्षीय जूडो प्रतियोगिता (छात्र-छात्रा वर्ग) का शनिवार को भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश की 14 टीमों के लगभग 100 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष व ओएसडी (लोकसभा स्पीकर) राजीव दत्ता ने की। विशिष्ट अतिथियों में विशाल शर्मा, युवराज सुवालका तथा वीरेन्द्र सिंह राठौड़ शामिल रहे।

मुख्य वक्ता राजेश कृष्ण बिरला ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खिलाड़ी जितना जमीन से जुड़ा रहता है, उतना ही उसका प्रदर्शन बेहतर होता है। जूडो हमें सिखाता है कि बड़े से बड़ा प्रतिद्वंद्वी भी सही तकनीक और संतुलन से हराया जा सकता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में राजीव दत्ता ने कहा कि बच्चा खेल के मैदान में जितना पसीना बहाता है, वह उतना ही सफलता की ओर बढ़ता है। आज के दौर में बच्चों को मोबाइल से निकालकर मैदान से जोड़ना बेहद जरूरी है। संस्था की डायरेक्टर व कार्यक्रम संयोजक सोनिया राठौड़ ने कहा कि खेलों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है, अनुशासन आता है और नेतृत्व क्षमता बढ़ती है। समारोह के अंत में सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान आयोजन सह-संयोजक भानु प्रताप सुमन, खेल प्रेमी, शिक्षक व बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

प्रतियोगिता के प्रमुख परिणाम:

छात्रा वर्ग:

23 किग्रा: प्रीति कौर (श्रीगंगानगर) - प्रथम, कल्पना (चुरू) - द्वितीय। 27 किग्रा: रक्षिता (टोंक) - प्रथम, दीपिका (बालोतरा) - द्वितीय। 32 किग्रा: लक्ष्मी (हनुमानगढ़) - स्वर्ण पदक। 36 किग्रा: कनिष्क कुंवर (टोंक) - स्वर्ण पदक। -44 किग्रा: प्रिय सैनी (टोंक) - प्रथम, ममता (नागौर) - द्वितीय। +44 किग्रा: भावना विश्नोई (भीलवाड़ा) - प्रथम, तनु गुर्जर (अजमेर) - द्वितीय।

छात्र वर्ग:

25 किग्रा: रंजीत (चुरू) - स्वर्ण, पवन माली (भीलवाड़ा) - रजत। 30 किग्रा: यथार्थ सुमन (कोटा) - प्रथम, अमित (श्रीगंगानगर) - द्वितीय। 45 किग्रा: धर्मेश (भीलवाड़ा) - प्रथम, विकास (नागौर) - द्वितीय। 50 किग्रा: फैजान (ब्यावर) व उमेश चौधरी (जोधपुर) ने अपने-अपने वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किया।

ज्ञान चन्द मेघवंशी बने अखिल भारतीय बलाई महासभा के मुख्य प्रदेश सचिव

तीन बार प्रदेश सचिव रह चुके मेघवंशी पर संगठन ने फिर जताया भरोसा, क्षेत्र में हर्ष की लहर

संचार जगत



भीलवाड़ा। जिले के फुलिया कलां अखिल भारतीय बलाई महासभा (रजि.) के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्णयानुसार राजस्थान प्रदेश की पुनर्गठित कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक बाबूलाल बछेर (पूर्व विधायक, दूदू) तथा नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मुकेश मेहरडा की अनुशंसा पर भीलवाड़ा जिले के ग्राम धनोप निवासी वरिष्ठ समाजसेवी ज्ञान चन्द मेघवंशी को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए मुख्य प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। मेघवंशी पूर्व में लगातार तीन बार संगठन के प्रदेश सचिव के पद पर रहते हुए समाजहित में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। उनके सांगठनिक अनुभव, सक्रियता एवं समाजसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए महासभा के शीर्ष नेतृत्व ने एक बार फिर उन पर विश्वास जताया है। उनकी नियुक्ति की सूचना मिलते ही महासभा के पदाधिकारियों, समाजबंधुओं, शुभचिंतकों एवं स्थानीय ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। विभिन्न लोगों ने मेघवंशी को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके अनुभव एवं सक्रिय नेतृत्व से संगठन को राजस्थान प्रदेश में और मजबूती मिलेगी तथा समाज उत्थान से जुड़े कार्यों को नई गति मिलेगी। नवनियुक्त मुख्य प्रदेश सचिव ज्ञान चन्द मेघवंशी ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है।

छह माह से बदहाल पुलिया, गड्ढों से बाहर निकले सरिये; जिम्मेदारों की अनदेखी पर सवाल

संचार जगत

फुलेरा । फुलेरा से जोबनेर-बुटाटी जाने वाले सड़क मार्ग पर डेल्डा की ढाणी स्थित ओवरब्रिज पिछले करीब छह माह से जर्जर हालत में है। पुल पर जगह-जगह सड़क क्षतिग्रस्त होने और गहरे गड्ढे बन जाने से राहगीरों व वाहन चालकों को दुर्घटना की आशंका के बीच आवागमन करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने ओवरब्रिज के रखरखाव में लापरवाही का आरोप लगाते हुए शीघ्र स्थायी मरम्मत की मांग की है। जानकारी के अनुसार ओवरब्रिज की सड़क कई स्थानों से टूट चुकी है और गड्ढों से आरसीसी के लोहे के सरिये बाहर निकल आए हैं। इससे विशेष रूप से दुपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में भारी वाहन, कारें, मोटरसाइकिलें सहित अन्य वाहन गुजरते हैं।



21.60 करोड़ की लागत से बना था ओवरब्रिज

वर्ष 2014 में तत्कालीन राज्य सरकार के कार्यकाल में राजस्थान स्टेट रोड डेवलपमेंट एंड कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन (आरएसआरडीसी) द्वारा करीब 21 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से इस ओवरब्रिज का निर्माण कराया गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय पर रखरखाव नहीं होने से पुल की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है।

पहले भी हुआ था विरोध प्रदर्शन

ओवरब्रिज की मरम्मत की मांग को लेकर 24 अगस्त 2025 को फुलेरा व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा के नेतृत्व में व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद आरएसआरडीसी की ओर से गड्ढों की अस्थायी मरम्मत कराई गई, लेकिन कुछ ही दिनों में मरम्मत किए गए हिस्से फिर उखड़ गए और सड़क दोबारा क्षतिग्रस्त हो गई।

बड़ा हादसा होने की आशंका

स्थानीय निवासी हीरालाल चोधरी ने बताया कि पुल पर बने गड्ढों और बाहर निकले सरियों के कारण आवागमन जोखिम भरा हो गया है।

रात के समय विशेष रूप से दुपहिया वाहन चालकों को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो बड़ा हादसा हो सकता है।

आरएसआरडीसी के अधिशासी अभियंता एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर चंद्रमोहन वासुदेव ने पूर्व में शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया था।

पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026

आठ पंचायत समितियों की 270 ग्राम पंचायतों में 3,370 पदों के लिए होगा निर्वाचन

संचार जगत

झालावाड़। झालावाड़ राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायती राज आम चुनाव-2026 का कार्यक्रम जारी कर दिया है। झालावाड़ जिले में चुनाव दो चरणों में होंगे। 8 पंचायत समितियों की 270 ग्राम पंचायतों के 3,370 पदों पर निर्वाचन होगा, जिसमें 270 सरपंच, 2880 वार्ड पंच, 178 पंचायत समिति सदस्य और 33 जिला परिषद सदस्य शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि जिले में 974 मतदान केंद्रों पर 9,36,212 मतदाता मतदान करेंगे। प्रथम चरण - भवानीमंडी, डग, अकलेरा, मनोहरथाना में मतदान 23 अक्टूबर (जिला परिषद व पंचायत समिति) और 25 अक्टूबर (सरपंच-पंच) को होगा। द्वितीय चरण - झालरापाटन, पिड़ावा, बकानी, खानपुर में मतदान 29 अक्टूबर (जिला परिषद व पंचायत समिति) और 31 अक्टूबर (सरपंच-पंच) को होगा।

छल से सीता हरण का सजीव मंचन, भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

रामलीला महोत्सव के छठे दिन रावण ने साधु वेश में किया माता सीता का हरण, बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु

संचार जगत

भीलवाड़ा। जिले के शाहपुरा स्थानीय महलों के चौक में धर्म प्रचारक रामलीला मंडल, काशी-वाराणसी के कलाकारों द्वारा शाहपुरा नगर पालिका के सहयोग से आयोजित श्री रामलीला महोत्सव में छठे दिन सीता हरण प्रसंग का सजीव एवं संगीतमय मंचन किया गया।

मंचन के दौरान कलाकारों ने सूर्पनखा की नाक काटे जाने के प्रसंग के बाद रावण द्वारा छलपूर्वक माता सीता के हरण की कथा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रसंग देखकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। रामलीला मंडल के संचालक पंडित राघवेंद्र शर्मा ने बताया कि कलाकारों ने रामायण के प्रसंगों को संवाद, संगीत एवं अभिनय के माध्यम से जीवंत रूप प्रदान किया। सीता हरण के मंचन को देखने के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महलों के चौक पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री राम चरण कन्या विद्यापीठ के प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश कुमावत एवं शाहपुरा थाना अधिकारी लीलाधर मालवीय रहे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता शाहपुरा पंचायत समिति के पूर्व उपप्रधान बजरंग सिंह राणावत ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में वरिष्ठ शिक्षाविद् सुशीला देवी कांटिया, पुष्पा देवी ओझा, भाजपा नगर महामंत्री जितेंद्र पाराशर अग्रवाल, पवन बसेर, किशनलाल मीणा, सूर्यप्रकाश आर्य एवं भेरूलाल लक्षकार मौजूद रहे।

आयोजन को सफल बनाने में समिति के चंद्रप्रकाश जोशी, अशोक चास्टा, नरेश व्यास, सुभाष व्यास, अमर सिंह चौहान, सीताराम चौधरी एवं मुकेश कुमार कुमावत सहित अन्य सदस्य नियमित रूप से व्यवस्थाओं में सेवाएं दे रहे हैं। रामलीला महोत्सव में नगर के सैकड़ों श्रद्धालु नियमित रूप से भाग ले रहे हैं। आयोजन का समापन 6 अक्टूबर को मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीरामचंद्र जी के राज्याभिषेक के साथ होगा।

राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुसार, ग्राम पंचायत मुख्यालय पर रोड लाइट लगाने के निर्देश जारी

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद को बनाया नोडल अधिकारी

संचार जगत

कोटा। राज्य सरकार की बजट घोषणा अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में चरणबद्ध रूप से स्ट्रीट लाइट/ रोड लाइट व्यवस्था स्थापित किए जाने के लिए शासन सचिव एवं आयुक्त ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज,(पंचायती राज विभाग) राजस्थान सरकार ने प्रदेश के सभी जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। अब शीघ्र ही पंचायत मुख्यालय/बड़ी आबादी वाले बड़े गांव रोड लाइट की रोशनी से जगमगाते नजर आएंगे। राज्य सरकार ने इस योजना को शीघ्र ही धरातल पर उतरने के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी,पंचायती राज,जिला परिषदों को इसका नोडल अधिकारी बनाया है। जो इस योजना की शीघ्र क्रियान्वती को सुनिश्चित करेंगे।

योजना के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में समस्त ग्रामीण क्षेत्र, आबादी क्षेत्र, बाजार,मुख्य मार्ग, आंतरिक मार्ग एवं अन्य महत्वपूर्ण उपयोग के स्थलों पर चरणबद्ध रूप से स्ट्रीट लाइट/ रोड लाइट लगाने की कार्यवाही की जाएगी। इस कार्य में ग्राम पंचायत मुख्यालय को प्राथमिकता दी जाएगी। उसके बाद ग्राम पंचायत के बड़ी आबादी वाले गांव में स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। कार्य की शुरुआत प्राथमिकता के आधार पर कच्ची बस्तियां, कमजोर वर्ग की बस्तियां,अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग की बस्तियां से की जाएगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध संसाधनों के अनुसार एलइडी स्ट्रीट लाइट अथवा सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइट स्थापित की जाएगी।

गांव में विद्युत वितरण निगम के खंभों पर नियम अनुसार एलइडी लाइट लगाई जाएगी। एलइडी स्ट्रीट का चयन सड़क की चौड़ाई के अनुसार किया जाएगा। जहां विद्युत पोल उपलब्ध नहीं है अथवा विद्युत आपूर्ति नियमित नहीं है अथवा विद्युत वितरण का नेटवर्क उपलब्ध नहीं है। वहां सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइट स्थापित की जा सकती है। सोलर स्ट्रीट लाइट के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक होने की स्थिति में ग्रिड संरचना भी स्थापित की जा सकेगी। योजना का उद्देश्य--इस योजना के माध्यम से राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि के समय सुरक्षित एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करना है। गांव की मुख्य बस्तियां, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों,पंचायत भवनों, स्वास्थ्य केंद्र आदि पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराना है। साथ ही ऊर्जा दक्ष एवं पर्यावरण अनुकूल प्रकाश व्यवस्था को बढ़ावा देना है।

शिक्षा विभाग कर्मचारीगण सहकारी सभा लि.-696 आरः गबन करने वालों पर कसा शिकंजा, शिक्षकों की सहकारी समिति ने कमाया 4.34 करोड़ का मुनाफा

डिफ़ॉल्टरों पर कोर्ट और पुलिस की सख्त कार्रवाई; सदस्यों को मिलेगा 4% लाभांश, ऋण सीमा बढ़ाकर 4 लाख करने की तैयारी

संचार जगत



कोटा। करोड़ों रुपए की बकाया रिकवरी और वित्तीय अनियमितताओं पर सख्त कानूनी कार्रवाई के दम पर शिक्षा विभाग कर्मचारीगण सहकारी सभा लि.-696 आर (कोटा-बारां) ने अपनी वित्तीय स्थिति को नए मुकाम पर पहुंचा दिया है। पूर्व की कार्यसमिति द्वारा छोड़े गए गबन और डिफ़ॉल्ट के दाग धोते हुए संस्था ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4.34 करोड़ का ऐतिहासिक शुद्ध लाभ हासिल किया है।

संस्था की इस कायापलट और आगामी योजनाओं की जानकारी शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में अध्यक्ष प्रकाश जायसवाल, उपाध्यक्ष महेंद्र नागर और मंत्री जमना लाल गुर्जर ने साझा की। इस दौरान संचालक गायत्री मीणा, अनुराधा शर्मा, कमल कुमार शर्मा, दिनेश कुमार मीणा, रवि प्रकाश गौतम, धर्मेंद्र कुमार मेघवाल, पूनम गौतम, शिवराज गोचर, दिनेश कुमार नागर, महावीर प्रसाद मीणा भी मौजूद रहेंगे। अध्यक्ष प्रकाश जायसवाल ने बताया कि संस्था का वार्षिक अधिवेशन रविवार को होटल द्वारिका (नेशनल हाईवे कोटा रोड, बारां) में आयोजित होगा। कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर मुख्य अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व मंत्री प्रमोद जैन 'भाया', किशनगंज विधायक ललित मीणा, बारां विधायक राधेश्याम बैरवा, शिक्षा मंत्री के विशेषाधिकारी सतीश कुमार गुप्ता एवं राधाकृष्ण शिक्षा सहकारी बारां के अध्यक्ष बृजगोविन्द टेलर शामिल रहेंगे।

उपाध्यक्ष महेंद्र नागर ने बताया कि फरवरी 2023 में जब नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने कार्यभार संभाला था, तब विरासत में 21 करोड़ की डिफ़ॉल्ट राशि और 1374 डिफ़ॉल्टर सदस्य मिले थे। कार्यकारिणी के कड़े रुख और कानूनी प्रयासों के कारण अब केवल 97 डिफ़ॉल्टर बचे हैं, जिन पर न्यायालय और उपरजिस्ट्रार के माध्यम से रिकवरी जारी है। इसके अतिरिक्त, संस्था के कोष का दुरुपयोग करने वाले पूर्व अध्यक्ष व सहयोगियों पर 4.56 लाख और 2.70 लाख के गबन की प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है। तीन संतान का तथ्य छुपाकर पद पर बने रहने वाले संचालक को भी बर्खास्त कराया गया है। आमसभा में मिलेगी सदस्यों को प्रस्तावित सौगात: लाभांश वितरण और 4 लाख रुपए तक ऋण सीमा संस्था की प्रमुख वित्तीय व जनहितकारी उपलब्धियां: लाभांश वितरण: 4.34 करोड़ के शुद्ध लाभ में से आवश्यक प्रावधानों के बाद बचे 2.56 करोड़ में से अंशधारकों को लगातार तीसरे वर्ष 4% की दर से लाभांश दिया जाएगा। ऋण सीमा में बढ़ोतरी: सामान्य और इमरजेंसी ऋण की सीमा को 3-3 लाख से बढ़ाकर अब 4-4 लाख करने का प्रस्ताव है। एफडी फंड में इजाफा: कार्यकाल के दौरान 5 करोड़ की अतिरिक्त एफडी करवाकर संस्था के फंड को मजबूती दी गई। डिजिटल सुविधाएं: सदस्यों की सुविधा के लिए गुरुवार का अवकाश समाप्त कर रविवार को कार्यालय (11 से 4 बजे) खोलने का निर्णय लिया गया है। साथ ही ऑनलाइन लिंक व क्यूआर कोड से राशि जमा करने की सुविधा शुरू की गई है। मात्र 50 पैसे ब्याज पर लोन देने वाली 83 साल पुरानी ऐतिहासिक संस्था मंत्री जमनालाल गुर्जर ने बताया कि संस्था की स्थापना आजादी से पूर्व वर्ष 1943 में स्व. घांसीलाल द्वारा की गई थी। वर्तमान में 6,500 सदस्यों वाली यह संस्था राजस्थान की एकमात्र सहकारी समिति है, जो अपने सदस्यों को मात्र 50 पैसे प्रति सैकड़ा (0.5%) मासिक ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराती है। वित्तीय प्रगति के साथ संस्था पर्यावरण, रक्तदान, बेटी बचाओ और जल संरक्षण जैसे सामाजिक सरोकारों में भी निरंतर योगदान दे रही है।

कोटा माइनिंग विजिलेंस टीम की कार्यवाही

संचार जगत

कोटा।अवैध खनन एव परिवहन अभियान के तहत एडीएम कोटा के निर्देशन में माइन्स फोरमैन गोविंद शर्मा द्वारा कोटा क्षेत्र में अवैध खनन एव परिवहन के खिलाफ औचक निरीक्षण किया गया ! इस दौरान नान्ता क्षेत्र में एक ट्रैक्टर ट्रॉली मेसनरी स्टोन से भरा हुआ पकड़ा तथा वाहन चालक को वैध रवन्ना/ दस्तावेज दिखाने को कहा लेकिन वाहन चालक के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं होने पर उक्त ट्रैक्टर ट्रॉली पर 26,800 रुपए का जुर्माना किया गया ! जुर्माना मौके पर जमा नहीं होने के कारण वाहन को पुलिस थाना नान्ता की सुपुर्दगी में दिया गया ! टीम द्वारा एक ट्रैक्टर ट्रॉली कल भी पकड़ा गया था जिसका मौके पर जुर्माना जमा करवाकर रिलीज़ किया गया ! दोनों वाहनों पर कुल 53,600 रूपये जुर्माना किया गया ! माइनिंग टीम की सूचना मिलने पर अवैध खननकर्ता में हड़कंप मच गया ! उक्त कार्यवाही मे नरेंद्र सिंह मय बॉर्डर होमगार्ड साथ रहे !

ग्राम पंचायत डोलिया और ताथेड में ग्रेवल सड़क निर्माण के लिए 55,79,450 लाख रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी

संचार जगत

कोटा। रामगंज मंडी के विधायक एवं प्रदेश के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर की अनुशंसा पर लाडपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत ताथेड तथा ग्राम पंचायत डोलिया में 6 ग्रेवल सड़क निर्माण के लिए वी बी जी रामजी के समन्वय एवं जिला कलेक्टर कोटा ने कुल 55 लाख 79 हज़ार,450 रुपए की स्वीकृति जारी कर दी है। कार्यालय जिला कार्यक्रम समन्वयक वी बी जी राम जी एवं जिला कलेक्टर कोटा द्वारा जारी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत ताथेड के गांव पीपल्दा शेखान मैं ग्रेवल सडक निर्माण कार्य नयागांव रोड से गणेश जी के मंदिर से पीपल्दा शैखान तक कुल लगत 7 लाख,58 हजार,207 रुपए स्वीकृत किए है।

ग्राम पंचायत डोलिया के गांव गिरधरपुरा में ग्रेवल सडक निर्माण कार्य घासीलाल के खेत से मुकेश के खेत तक 7 लाख,76 हजार,683 रुपए। ग्राम गिरधरपुरा में ही ग्रेवल सडक निर्माण कार्य दुर्गा शंकर के खेत से खाल तक 14 लाख,85 हजार,252 रुपए। तथा गिरधरपुरा में ही ग्रेवल सडक निर्माण कार्य भील बस्ती से लातूर जी के खेत तक 8 लाख19 हजार 658 रुपए।

इसी पंचायत के ग्राम जसपुरा में ग्रेवल सडक निर्माण कार्य जसपुरा गरासिया बस्ती से जाट बस्ती नयागांव जसपुरा तक 8 लाख 18 हजार 601 रुपए तथा ग्राम किशनपुर ढाणी में ग्रेवल सडक निर्माण कार्य किशनपुरा ढाणी से जसपुर गरासिया बस्ती तक 9 लाख 21 हजार 049 रुपए की स्वीकृति जारी कर दी गई है। ये कार्य संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा वी बी जी रामजी जी योजना में कराया जाएगा।

बागोड़ा की महिलाओं ने मुख्यमंत्री से साझा की अपनी सफलता की कहानी...

संचार जगत



जालोर। राजीविका के ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम में महिलाओं ने बताया कि कैसे स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। जालोर के बागोड़ा में ग्राम पंचायत स्तर पर 'नारी शक्ति सम्मेलन एवं संवाद—नारी की बात, विकास के साथ' कार्यक्रम के तहत विशेष ऑनलाइन संवाद आयोजित किया गया।

राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद यानी राजीविका के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में बागोड़ा की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं जयपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़ीं। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिलाओं से सीधा संवाद किया और उनके अधिकार, सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर चर्चा की।

महिलाओं ने भी अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं और बताया कि राजीविका से जुड़ने के बाद किस तरह उन्हें आजीविका के अवसर मिले और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर केशर मल मीणा की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम के समापन के बाद महिलाओं, जनप्रतिनिधियों और आजीविका कार्यकर्ताओं के लिए सामूहिक भोजन का भी आयोजन किया गया।

जयपुर में मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ, दिया कुमारी ने कहा- छात्रों को मिलेगा कोर्ट प्रोसिडिंग का व्यावहारिक अनुभव



संचार जगत

जयपुर। राजस्थान यूनिवर्सिटी में 14वीं रांका मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आगाज हुआ। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता का उद्घाटन राजस्थान यूनिवर्सिटी के मानविकी सभागार में हुआ। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विजय बिश्नोई और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी शिरकत की ।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। प्रतियोगिता में देश के 17 राज्यों की 50 से ज्यादा टीमें हिस्सा ले रही हैं। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में दो प्रारंभिक राउंड के बाद क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले होंगे। मूट कोर्ट प्रतियोगिता में शामिल होने पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से लॉ स्टूडेंट्स को कोर्ट की वास्तविक कार्यवाही को समझने और बहस करने का व्यावहारिक अनुभव मिलता है।

इससे छात्रों को यह सीखने का मौका मिलता है कि कोर्ट में किस तरह आर्ग्यूमेंट करना है और पूरी प्रक्रिया किस तरह चलती है।

वही पंचायती राज चुनाव को लेकर दिया कुमारी ने कहा कि जिस तरह निकाय चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहा और बड़े अंतर से जीत मिली, उसी तरह पंचायती राज चुनाव में भी अच्छे नतीजे आएंगे ।

रामलीला के लिए हुआ बल्ली पूजन, हनुमान ध्वजा लगाई

संचार जगत

गोविन्द गढ़ अलवर। गोविंद अभिनय समाज की ओर से 7 अक्टूबर से शुरू होने वाली रामलीला को लेकर शनिवार को विधिवत बल्ली पूजन किया गया तथा हनुमान जी की ध्वजा लगाई गई। इस दौरान रामलीला कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। कमेटी के अध्यक्ष हरि शंकर रावत ने बताया कि कस्बे की यह प्राचीन रामलीला वर्षों से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है। इस वर्ष भी रामलीला में कलाकारों की ओर से विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। रामलीला को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बल्ली पूजन के बाद कमेटी की ओर से गणेश मंदिर पहुंचकर भगवान गणेश को रामलीला में पधारने का निमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर तोता राम शास्त्री की ओर से विधिवत पूजा-अर्चना कराई गई। कमेटी के सदस्यों ने रामलीला के सफल आयोजन



की कामना की

वृद्धाश्रम में धूमधाम से मनाया अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

संचार जगत

निवाई। समाज कल्याण सप्ताह के अंतर्गत परमार्थ सेवा समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन श्रद्धा व उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, स्नेह व उनके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सामाजिक सुरक्षा अधिकारी भरतसिंह गुर्जर द्वारा



दीप प्रज्वलन करके किया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के सभी आवासियों के लिए विशेष स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। संस्था द्वारा सभी वरिष्ठ नागरिकों को फल एवं वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा यहाँ निवासरत वृद्धजनों को श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर एवं छड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर योगेश सेवा संस्थान एवं छात्रावास अधीक्षक सीताराम स्वामी, आशीष यादव, राजेश कुमार मीणा, चंद्रमोहन मीणा व विकास विजयवर्गीय सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे

छोटी उम्र, बड़ा संकल्पः योग में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डधारी प्रत्यक्ष ने दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

मोबाइल और जंक फूड से दूरी बनाकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैला रहे नन्हे योग साधक, संचार जगत कार्यालय में साझा किए अपने विचार

संचार जगत

जयपुर। उम्र भले ही छोटी हो, लेकिन सोच बड़ी और संकल्प मजबूत हो तो बदलाव की शुरुआत किसी भी उम्र में की जा सकती है। इसी विचार को साकार कर रहे योग में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डधारी प्रत्यक्ष, जो अपनी उपलब्धियों के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली को लेकर भी जागरूकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। संचार जगत कार्यालय पहुंचे प्रत्यक्ष ने विशेष बातचीत और पॉडकास्ट के दौरान योग, स्वास्थ्य, खानपान और आज की पीढ़ी के बच्चों में बढ़ती अस्वस्थ जीवनशैली को लेकर अपने विचार साझा किए। प्रत्यक्ष का मानना है कि स्वस्थ जीवन की शुरुआत छोटी-छोटी आदतों से होती है। मोबाइल फोन से दूरी, जंक फूड और फास्ट फूड से परहेज तथा पौष्टिक भोजन को प्राथमिकता देना उनकी दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उनका उद्देश्य केवल स्वयं स्वस्थ रहना नहीं, बल्कि अपनी उम्र के अन्य बच्चों और युवाओं को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। आज के दौर में जहां कम उम्र में ही बच्चे मोबाइल स्क्रीन और असंतुलित खानपान की आदतों से जुड़ते जा रहे हैं, वहीं प्रत्यक्ष अपनी जीवनशैली के माध्यम से एक अलग उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। वे लोगों को यह संदेश देना चाहते हैं कि स्वस्थ रहने के लिए हमेशा बड़े बदलावों की जरूरत नहीं होती, बल्कि रोजमर्रा की सही आदतें भी बड़ा बदलाव ला सकती हैं। खानपान को लेकर भी प्रत्यक्ष विशेष रूप से जागरूक हैं। वे फास्ट फूड और पाम ऑयल के अत्यधिक सेवन को लेकर चिंता व्यक्त करते हैं और लोगों को पौष्टिक एवं संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। उनका संदेश बेहद सरल, लेकिन प्रभावशाली है— 'अगर मैं कर सकता हूं, तो आप भी कर सकते हैं।' प्रत्यक्ष की यह सोच उन्हें केवल एक योग साधक तक सीमित नहीं रखती, बल्कि अपनी पीढ़ी के बीच स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश देने वाले प्रेरणादायी बाल व्यक्तित्व के रूप में सामने लाती है। संचार जगत कार्यालय में हुई इस विशेष बातचीत के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि स्वस्थ भविष्य की नींव बचपन से ही रखी जानी चाहिए। उनकी कहानी इस बात का उदाहरण है कि बदलाव लाने के लिए उम्र नहीं, बल्कि जागरूक सोच और दृढ़ इच्छाशक्ति मायने रखती है।



स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर।
संपर्क : 0141 463 7668 । ई-मेल : sancharjagat@gmail.com । आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262। समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।